इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4774

9 मई, 2013 को उत्तर के लिए

स्पॉन्ज आयरन संयंत्रों की स्थापना

4774. श्री दर्शन सिंह यादव:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तारीख के अनुसार उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के कितने स्पॉन्ज आयरन संयंत्र स्थापित किए गए हैं;

(ख) इन संयंत्रों द्वारा रोजगार के अलग-अलग कितने अवसर सृजित किए गए हैं;

(ग) क्या स्थानीय लोगों को उनमें दी जाने वाली नौकरियों का कतिपय प्रतिशत प्रदान करने का कोई प्रावधान किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) इस संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री बेनी प्रसाद वर्मा)**

(क): इस्पात मंत्रालय में उपलब्ध सूचना के अनुसार देश भर में लगभग 402 स्पंज आयरन संयंत्र स्थापित हैं (स्रोत: वर्ष 2011-12 के लिए संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी)। घरेलू स्पंज आयरन का समग्र उद्योग स्पंज आयरन इंडिया लिमिटेड (एसआईआईएल), (जो कि अब इस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एनएमडीसी लिमिटेड, एक सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम का एक भाग है) को छोड़कर निजी क्षेत्र में है। उत्तर प्रदेश में कोई स्पंज आयरन यूनिट नहीं है।

(ख): जेपीसी द्वारा वर्ष 2005-06 में भारतीय स्पंज आयरन उद्योग के संबंध में कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार कोयला आधारित स्पंज आयरन उद्योग में रोजगार की कुल संख्या 40715 थी।

(ग) से (ड): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। अत: स्पंज लौह अयस्क की निजी यूनिटों की रोजगार नीति पर इस्पात मंत्रालय का कोई नियंत्रण नहीं है।

****